## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दिया चुनाव आयोग के निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने का आदेश, कहा– चुनाव प्रबंधन के लिए तय है अधिकारियों की जिम्मेदारी।**

2. **भाजपा ने जारी की लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पांचवीं सूची, झारखंड की तीन सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोशणा, दुमका से सीता सोरेन, चतरा से कालीचरण सिंह और धनबाद से ढुल्लू महतो को मिला टिकट।**

3. **राज्यभर में आज हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है रंगों का त्योहार होली, राश्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी जनता को शुभकामनाएं।**

**और**

4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में आज बारिश होने की जताई संभावना, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी।**

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि चुनाव प्रबंधन के लिए हर एक स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गयी है। श्री कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कल रांची में एक समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान संपन्न कराने निर्वाचनकर्मी जल, थल और वायु मार्ग से रवाना होंगे। राज्य की भौगोलिक बनावट की वजह से कुछ मतदान केंद्र जो दुर्गम इलाके में हैं, वहां पोलिंग पार्टी को जाने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर के अलावा ट्रेन, नाव और सड़क मार्ग से मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक भेजा जाएगा।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने कल रात राज्य में लोकसभा की तीन सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। इसके तहत दुमका से सुनील सोरेन की जगह सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है। सीता सोरेन ने हाल ही में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। वहीं, चतरा से कालीचरण सिंह और धनबाद से ढुल्लू महतो को पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने इन तीनों सीट पर निवर्तमान सांसदों का टिकट काटते हुए नए चेहरों को मौका दिया है।

******************

राज्यभर में आज होली का त्यौहार रंग और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इससे पहले कल रांची समेत राज्यभर में परंपरागत तरीके से होलिका दहन मनाया गया। होली के अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी होली की पूर्व संध्या पर कल लोगों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि होली के रंग देश की विविधता के प्रतीक हैं और यह त्योहार प्रेम, एकजुटता और भाईचारे को बढावा देता है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि रंगों का यह त्योहार प्रत्येक व्यक्ति को प्यार के बंधन में बंधने और बसंत के स्वागत का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि होली लोगों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी।

******************

रंगों से होली खेलने के दौरान लोगों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। आकाशवाणी से बातचीत में दिल्ली एम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जे. एस. तितियाल ने लोगों को आंखों की सुरक्षा के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हानिकारक रंगों से किसी तरह का संक्रमण होने पर डॉक्टर से परामर्श जरूर किया जाना चाहिए।

******************

रांची में महिलाओं का एक समूह घरेलू तरीके से अचार और मुरब्बा बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ने इस साल जनवरी महीने में 16 लाख दो हजार कर्मचारी जोड़े हैं। ईपीएफओ के अंतरिम वेतन विवरण के अनुसार, इस साल जनवरी में लगभग 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के एक बयान में कहा कि विवरण से यह भी पता चलता की इस अवधि के दौरान कुल नए सदस्यों में से 18 से 25 वर्ष उम्र के लोगों की संख्या 56 प्रतिशत है और संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं जिन्हें पहली बार नौकरी मिली हैं। विश्लेषण से पता चलता है कि 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों में से लगभग 2 लाख 5 हजार नई महिला कर्मचारी हैं।

******************

पुलिस ने हजारीबाग जिले के चौपारण से अवैध शराब की एक बड़ी खेप को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि एक घर से भारी मात्रा में तस्करी की नियत से रखे गए अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया है, जिसे बिहार भेजा जाना था।

******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची और राज्य के अन्य हिस्सों में आज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र का अनुमान है कि आज रांची के अलावा संताल परगना, कोल्हान और मध्य झारखंड के क्षेत्रों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान गर्जन और वज्रपात का भी अंदेशा है। मौसम केंद्र ने कहा है कि कल से 30 मार्च तक मौसम शुष्क और आसमान साफ़ रहेगा।

******************

झारखंड की जिम्नास्टिक टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार दो कांस्य पदक अपने नाम किया है। जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से 22 मार्च से जम्मू में नेशनल जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें झारखंड टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीता। ।

******************

आईपीएल क्रिकेट में कल रात जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को बीस रन से हरा दिया। वहीं, आईपीएल के दूसरे मुकाबले में कल अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात जाएंट्स ने मुंबई इंडियंस को 6 रन से हराया। आज बेंगलूरू के एम चिन्नांस्वासमी स्टेटडियम में रॉयल चैलेंजर्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

**दैनिक भास्कर** ने राज्य में साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी के लिए सोलह हजार से अधिक सिम कार्ड को सक्रिय रखने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अपराध अनुसंधान शाखा, सीआईडी ने कहा है कि देवघर जिला साइबर अपराधियों का अब नया ठिकाना बन गया है।

**प्रभात खबर** ने रांची समेत राज्य के युवाओं में तेजी से बढ़ रहे ड्रग्स लेने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। अखबार ने लिखा है कि रांची के विभिन्न इलाकों में खुलेआम मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है।

**दैनिक जागरण** ने पश्चिमी सिंहभूम जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दो समर्थकों की गिरफ्तारी की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है। इनके पास से दस लाख पचास हजार रूपये और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है कि राज्य में होली पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा के लिए आठ हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, उद्योगपति नवीन जिंदल और पूर्व विधायक सीता सोरेन को भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने की खबर को अपनी हेडलाइन बनायी है।

**हिन्दुस्तान टाइम्स** ने पहले पन्ने पर लिखा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इक्कतीस मार्च को विपक्ष के नेताओं द्वारा रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया जाएगा।

**********समाप्त***********